# राजभाषा कार्यान्वयन अत्यंत महत्वपूर्ण है : हर्ष नाथ मिश्र



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** सीसीएल, दरभंगा हाउस के नए भवन के दूसरे तल पर अवस्थित सभागार में निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र, महाप्रबंधक (कल्याण) रेखा पांडेय, महाप्रबंधक (का./राजभाषा) संजय कुमार ठाकुर, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, महाप्रबंधक एवं राजभाषा नोडल अधिकारी सहित सीसीएल के क्षेत्रों से आए प्रतिनिधि उपस्थित थे।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए निदेशक (मानव संसाधन) श्री मिश्र ने कहा कि यह राजभाषा की बैठक ही नहीं है, अपितु हमारे कार्य का ही एक महत्वपूर्ण भाग है। उन्होंने आगे कहा कि राजभाषा कार्यान्वयन अत्यंत महत्वपूर्ण है। सभी विभागों के राजभाषा कार्यान्वयन में प्रगतिशील दृष्टिकोण होनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा की हमें अधिक से अधिक कार्यालयीन कार्य हिन्दी में ही करना चाहिए। महाप्रबंधक (का./राजभाषा) संजय कुमार ठाकुर ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया साथ ही राजभाषा विभाग द्वारा किए गए संबंधित विषयों पर प्रकाश डाला। दिविक दिवेश, उप प्रबंधक (राजभाषा) ने आगे राजभाषा संबंधी गतिविधियों से सबको अवगत कराया। बैठक में मूल रूप से हिंदी में पत्राचार, टिप्पण आलेखन व अन्य कार्यालयीन कार्य इत्यादि पर विस्तार से चर्चा हुई। राजभाषा में विगत तिमाही में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए तकनीकी : प्रणाली विभाग, गैर तकनीकी : कल्याण विभाग एवं केन्द्रीकृत इकाई : कुजू क्षेत्र को चल शील्ड द्वारा पुरस्कृत किया गया।

## बंद हो सकती है निजी अस्पतालों में आयुष्मान योजना

# 140 करोड़ की भुगतान करे राज्य सरकार: आईएमए

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रविवार को आइएमएम हॉल में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन हॉस्पीटल बोर्ड ऑफ इंडिया के झारखंड इकाई ने प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि राज्य सरकार 140 करोड़ रूपए का भुगतान नहीं कर रही है जिससे निजी अस्पताल कराह रहे हैं। उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि आयुष्मान योजना का लाभ पिछले एक सप्ताह से हजारीबाग में बंद है। हम सब किसी तरह से सरकार का सहयोग कर रहे हैं अब राज्य की जनता बताए हम क्या करें। उन्होंने कहा कि निजी अस्पतालों की हालत यह हो गई है कि अब हमें अपने कर्मचारियों के वेतन देने तक के पैसे नहीं बचे हैं। लोन लेकर हम काम कर रहे हैं। अब अपर लिमिट क्रॉस हो गई है। ऐसा ही रहा तो पूरे झारखंड में एक सप्ताह के बाद आयुष्मान योजना बंद हो जाएगा। इस योजना के रूकने से लाखों गरीब मरीजों की जान जा सकती है।

मौके पर डॉ अभिषेक रामाधीन प्रदेश कोआर्डिनेटर आइएमएएचबीआइ झारखंड इकाई, डा अनंत सिन्हा चेयरमैन आइएमएएचबीआइ झारखंड इकाई, डा शंभु सिंह सचिव आइएमएएचबीआइ झारखंड इकाइ, डा प्रदीप सिंह सचिव आइएमए झारखंड, डॉ राजेश कुमार सचिव एचपीआई, योगेश गंभीर पूर्व एचपीआई झारखंड, डा सैयद अंसारी प्रसिडेंट एएचपीआइ, डॉ अजय सिंह वरिष्ठ आइएमए सदस्य मौजूद थे।

### आयुष्मान योजना बंद होने से गरीबों का होगा नुकसानः सीपी सिंह



राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता से विशेष बात-चीत में रांची के विधायक सीपी सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार ने गरीबों के लिए आयुष्मान योजना लागू की है जिसके तहत पांच लाख की राशि तक वे अपना इलाज करा सकते हैं। राज्य सरकार यदि अस्पतालों को पैसा नहीं दे रही है तो निजी अस्पताल संचालक आयुष्मान योजना बंद करेंगे ही। राज्य सरकार को अस्पतालों से बात कर आयुष्मान योजना को बंद नहीं होने देना चाहिए क्योंकि इससे गरीबों का नुकसान होगा।

### ईडी से बाहर जाकर कोई काम नहीं करेंगेः डॉ इरफान अंसारी



राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता से विशेष बातचीत में झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि आईएमए को गलत बयानबाजी से बचना चाहिए। किसी भी प्रकार की समस्या हो तो मुझसे आकर मिलें। बिना अनुमति के उन्हें प्रेस कांफ्रेंस नहीं करना चाहिए। मामला ईडी में चल रहा है। हम ईडी से बाहर जाकर कोई काम नहीं करेंगे। ईडी जांच कर रही है, जांच रिपोर्ट आएगा, फाइंडिंग आएगा, फाइल इडी के पास है।

## न्यूज बॉक्स

### 27 तक राज्य के कई जिलों में मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट

**रांची।** शुक्रवार से लेकर 27 मई तक मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। 27 मई तक विभिन्न जिलों में हल्की बारिश, गर्जन, आकाशीय बिजली गिरने और तेज हवा चलने की आशंका जताई है। विभाग के अनुसार, सुबह में मौसम साफ रहेगा, जबकि दोपहर बाद मौसम में परिवर्तन होगा। 23 और 24 मई को राज्य के उत्तर-पूर्वी जिलों को छोड़कर शेष हिस्सों में गर्जन, आकाशीय बिजली गिरने और तेज हवा चलने की आशंका है। 25 मई को उत्तर-पूर्वी हिस्सों में गर्जन, आकाशीय बिजली गिरने और तेज हवा चलने की आशंका जताई है।

### खिलाड़ियों के बीच ग्लूकोन -डी का किया गया वितरण




**रांची।** बढ़ती गर्मी को देखते हुए डीएवी गांधीनगर में चल रहे समर कैंप में भाग ले रहे खिलाड़ियों के बीच ग्लूकोन- डी का वितरण किया गया। गर्मी में खिलाड़ियों को खेलते खेलते तुरंत ऊर्जा की आवश्यकता होती है। इसको देखते हुए समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट ने ग्लूकोन डी का वितरण किया। ग्लूकोन -डी खिलाड़ियों को खेल के दौरान ऊर्जावान बनाए रखने और थकान से लड़ने में काफ़ी मदद करता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से डीएवी गांधीनगर के प्राचार्य डॉ प्रदीप कुमार झा, समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी आनंद केडिया, उमेश केडिया, स्मिता केडिया, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, समाजसेवी राजीव रंजन, गोविंद झा, विवेक दुबे समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

### राकेश कुमार की रचित पुस्तक गोदान का लोकार्पण कल

**रांची।** हिन्दी साहित्य भारती के प्रांतीय महामंत्री राकेश कुमार रचित व प्रभात प्रकाशन,नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित पुस्तक गोदान(काव्य रूपांतरण) का लोकार्पण 24 मई को किया जाएगा। मौके पर पद्मश्री बलबीर दत्त, साहित्यकार डॉ अशोक प्रियदर्शी, डॉ मयंक मुरारी,डॉ राकेश कुमार सिंह और डॉ अरुण सज्जन की उपस्थिति मुख्य रूप से रहेगी।



24 मई को अपराह्न 3 बजे से रांची रेलवे स्टेशन रोड स्थित प्रभात प्रकाशन के सभाकक्ष में किया जाएगा। लोकार्पण समारोह का संचालन रांची विश्विद्यालय के शोधार्थी विद्यावैभव भारद्वाज करेंगे। रांची जिला हिंदी साहित्य भारती के अध्यक्ष बलराम पाठक, उपाध्यक्ष संजय सर्राफ, संगठन सचिव अजय राय, सचिव सुकुमार झा ने बताया कि इस अवसर पर रांची, पलामू, हजारीबाग, जमशेदपुर, धनबाद, गढ़वा, लातेहार सहित झारखंड के विभिन्न जिलों के साहित्यकार व साहित्य प्रेमी उपस्थित रहेंगे।

## टीएसी में ग्रामीण क्षेत्रों में शराब बिक्री के फैसले का विरोध

**रांची।** झारखंड सरकार की ट्राइबल एडवाइजरी काउंसिल द्वारा ग्रामीण स्तर पर शराब बिक्री किए जाने के प्रस्ताव के विरोध में पुतला फूंका गया। आयोजन आदिवासी बचाओ मोर्चा ने परमवीर अलबर्ट एक्का चौक में किया। वक्ताओं ने कहा कि टीएसी द्वारा लाया गया प्रस्ताव जनविरोधी निर्णय है, क्योंकि आदिवासी समाज विकास के पैमाने पर अभी भी मुख्य धारा में नहीं जुड़ा है। राज्य में स्थानीय नीति, पेसा कानून, जमीन लूट, नियोजन नीति, कारोबार का अधिकार जैसे कई मुद्दों पर हेमंत सरकार ने अभी तक फैसला नहीं लिया है। ऐसी स्थिति में शराब का सेवन कराना आदिवासी जन विरोधी है। इससे आदिवासी समाज का कभी विकास नहीं हो सकता। इसलिए राज्य में आदिवासी हित को ध्यान में रखते हुए शराब पूर्ण रूप से बंद होना चाहिए। वक्ताओं ने कहा कि जब तक सरकार अपना निर्णय वापस नहीं लेती है, आदिवासी संगठनों के द्वारा आंदोलन जारी रखा जाएगा।

### पेंशनधारियों को मई महीने तक की पेंशन राशि का हुआ भुगतान

**रांची।** रांची जिला में सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत पेंशनधारियों को मई महीने तक के पेंशन राशि का भुगतान कर दिया गया है। राज्य संपोषित सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत जिले में कुल 2 लाख 14 हजार 350 लाभुकों के बैंक खाते में राशि डीबीटी के माध्यम से ट्रांसफर की गई है। इनमें मुख्यमंत्री राज्य आदिम जनजाति पेंशन योजना, मुख्यमंत्री राज्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना (थर्ड जेंडर) के लाभुक शामिल हैं।

### मोरहाबादी की चौपाल से

## शराब से राजस्व बढ़ाना है तो रात में मुंह सूंघ कर लोगों को परेशान नहीं करें

मोरहाबादी की चौपाल से पिछले कई दिनों से समाचार पत्रों में एक तरफ शराब घोटाले की खबर, दूसरी तरफ शराब से राजस्व बढ़ाने के नए-नए तरीकों की खोज पर चर्चा, सरकार द्वारा बड़े शॉपिंग मॉल से लेकर गांव-गांव तक इसे पहुंचाने की योजना, चौपाल में बहुत पसंद की गई। साथ ही शराब के साथ घोटाले और घोटाले के साथ बड़े अधिकारियों के नाम जोड़े जाने पर दुख भी जताया गया। एक ऐसा अधिकारी जिसको विभाग से इतना लगाव हो गया था कि वह 10 वर्ष से इसी विभाग में सेवा देता रहा, कोरोना काल में भी और यह दुर्भाग्य की बात है कि वह अब जेल के अंदर है। सरकार तो राजस्व बढ़ाने के लिए नए-नए तरीके खोज ही रही है। तब रात में मुंह सूंघ कर लोगों को परेशान नहीं करना चाहिए । एक सदस्य ने साइकिल बार का भी आईडिया सरकार तक पहुंचाने का सुझाव दिया और उसने एक साइकिल भी ईजाद की है। योजना का नाम होगा रोजगार से राजस्व इस बात की चिंता व्यक्त की गई की अगर अंग्रेजी शराब गांव-गांव तक पहुंचेगी तो पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही



महुआ- चावल की शराब का क्या होगा? उसकी बात दूसरे सदस्य ने यह कह कर काट दी कि जमाना काफी आगे बढ़ गया है ,गांव में विभिन्न योजनाओं के तहत धन भी पहुंच रहा है, अब उनको खर्च करने में कोई दिक्कत नहीं आएगी और सरकार का पैसा सरकार के पास वापस चला आएगा। उस सदस्य की यह बात लोगों को भा गई और इसी के साथ चर्चा समाप्त हो गई।

### आज / कल




## रांची में बिना परमिशन चल रहे खटालों पर निगम की सख्ती, लगाया जुर्माना



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रांची नगर निगम ने शहर में गंदगी फैलाने वालों और बिना इजाजत खटाल चलाने वालों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में बुधवार को हरमू नदी किनारे वार्ड 26 में निगम की टीम ने खटालों की जांच की।

जांच के दौरान कई खटाल ऐसे मिले जिनके पास न तो जरूरी कागज थे और न ही गोबर और गंदगी का सही निपटान किया जा रहा था। इस पर निगम ने झारखंड म्युनिसिपल एक्ट 2011 के तहत जुर्माना लगाया। नियम के मुताबिक, बिना परमिशन खटाल चलाने पर 2000 रुपए तक का जुर्माना लग सकता है और अगर गलती जारी रही तो हर दिन 50 रुपए का और जुर्माना देना पड़ सकता है।

# ट्रैफिक कानून और नियमों को ताक पर रख कर सड़कों पर दौड़ रही निगम की गाड़ियां

काजल मेहता

**रांची।** राजधानी में नगर निगम की गाड़ियां बिना नंबर प्लेट के सड़कों पर दौड़ रही हैं। नियमों और ट्रैफिक कानूनों को ताक पर रखकर पर चल रहीं इन सरकारी गाड़ियों पर न तो ट्रैफिक पुलिस की नजर रहती है और ना ही नगर निगम ने कभी इन पर संज्ञान लिया है। शहर में सफाई से जुड़ी कई गाड़ियां कबाड़ के हाल में है। गाड़ियों में न तो शीशा है और ना ही फिटनेस सही है। कई वाहनों के तो नंबर प्लेट तक नहीं हैं। जिसमें कुछ वाहनों में नंबर तो हैं लेकिन दिखाई नहीं देता।



किसी में नंबर प्लेट नहीं तो कोई रख रखाव के मोहताज

### आम जनता के लिए नियम, लेकिन सरकारी वाहनों पर छूट?



**अधिवक्ता अरविंद कुमार** लाल ने कहा कि जब कोई आम आदमी बिना हेलमेट, बिना नंबर प्लेट या बिना कागजात का गाड़ी चलाता है तो तुरंत उसका चालान काट दिया जाता है। लेकिन नगर निगम की गाड़ियां चाहे जितनी भी लापरवाही से क्यों न चलें, उसे ना तो रोका जाता है और ना ही उस पर कोई कार्रवाई होती है। उन्होंने कहा कि क्या सरकारी वाहनों के लिए कोई नियम और कानून नहीं है? उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार विदेशों में जाकर निवेशक खोज रही है और उन्हें झारखंड में आमंत्रित कर रही है। लेकिन राज्य की राजधानी में नियम और कानून को सरकारी विभाग ही खोखले होने का प्रमाण दे रहे हैं। अधिवक्ता अरविंद लाल ने कहा कि क्या इन चरमराती स्थितियों को देख निवेशक निवेश करेंगे? शहर की सड़कों पर चलते ट्रैक्टरों के डाले पर पंजीकरण संख्या तक नहीं लिखी है, जबकि मोटर वाहन अधिनियम के अनुसार, हर ट्रॉली और वाहन के लिए अलग से पंजीकरण और फिटनेस सर्टिफिकेट लेना जरूरी है।





### कई गाड़ियां चलने लायक नहीं

नगर निगम की कई गाड़ियां ऐसी हैं, जो तकनीकी रूप से चलने लायक नहीं हैं। इनका फिटनेस सर्टिफिकेट या तो खत्म हो चुका है या कभी बनवाया ही नहीं गया। इन गाड़ियों से न सिर्फ ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन हो रहा है, बल्कि यह आम जनता के लिए खतरे का कारण भी बन रही है। यदि ऐसी किसी गाड़ी से दुर्घटना होती है, तो जिम्मेदारी लेने वाला कोई नहीं है। इस संबंध में निगम के अधिकारी कोई टिप्पणी नहीं करना चाहते हैं। कई गाड़ियां चलने लायक नहीं, फिर भी सड़कों पर चल रही

नगर निगम की कई गाड़ियां ऐसी हैं, जो तकनीकी रूप से चलने लायक नहीं हैं। इनका फिटनेस सर्टिफिकेट या तो खत्म हो चुका है या कभी बनवाया ही नहीं गया। इन गाड़ियों से न सिर्फ ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन हो रहा है, बल्कि यह आम जनता के लिए खतरे का कारण भी बन रही है। यदि ऐसी किसी गाड़ी से दुर्घटना होती है, तो जिम्मेदारी लेने वाला कोई नहीं है। इस संबंध में निगम के अधिकारी कोई टिप्पणी नहीं करना चाहते हैं।



### तालाब बचाओ योजना के तहत बड़ी पहल

# कॉम्प्लेक्स के सामने तालाब से हटेगा अतिक्रमण, किया जाएगा सौंदर्यीकरण



- 2 लाख की राशि से डीएमएफटी के तहत होगा सफाई सौन्दर्यीकरण कार्य, यथाशीघ्र कार्य पूर्ण करने का निर्देश
- संदेहास्पद जमाबंदी कायम किए जाने संबंधित मामलों पर कार्रवाई को लेकर अधिकारियों को दिया गया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

रामगढ़ तालाब बचाओ योजना के तहत बड़ी पहल की गई है। योजना के तहत उपायुक्त के निर्देश पर रामगढ़ शहर अंतर्गत सतकौड़ी काम्प्लेक्स के सामने स्थित तालाब का 2 लाख रुपए की राशि से सफाई व सौंदर्यीकरण कार्य किया जाएगा। इसके लिए कार्यकारी एजेंसी के रूप में मुख्य अधिशासी अधिकारी छावनी परिषद रामगढ़ को नामित किया गया किया गया है वहीं कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया गया है। माननीय मंत्री पेयजल एवं स्वच्छता उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग झारखंड रांची से प्राप्त अनुशंसा एवं मुख्य अधिशासी अधिकारी छावनी परिषद मगढ़ से प्राप्त तकनीकी स्वीकृति प्रदत्त प्राक्कलन के आलोक में सतकौड़ी कॉम्प्लेक्स के सामने स्थित तालाब का साफ-सफाई कराने हेतु मुख्य अधिशासी अधिकारी, छावनी परिषद, रामगढ़ को कार्यकारी एजेन्सी नामित करते हुए प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। संबंधित क्षेत्र में अतिक्रमण को लेकर अंचल अधिकारी रामगढ़ द्वारा माध्यम से प्रतिवेदित किया गया है कि मौजा रामगढ़ के खाता सं०-292, प्लॉट सं०-165. कुल रकवा-3.34 ए० में अवस्थित तालाब को 08 जनाबंदीधारियों द्वारा विभिन्न दाखिल-खारीज वाद एवं संदेहात्मक जमाबंदी के माध्यम से अतिक्रमण किया गया है। खतियान के अनुसार खाता सं0-292, प्लॉट सं0-165 गैरमजरूआ खास किरम बाँध है। जहाँ वर्तमान में सार्वजनिक तालाब अवस्थित है, जिसकी प्रवृति आम है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में जलीय स्त्रोत / निकाय का किसी भी परिस्थिति में प्रवृति परिवर्तन अथवा निजी व्यक्ति के नाम पर दाखिल खारिज नियमसंगत नहीं है। उक्त के आलोक में उपायुक्त द्वारा निदेश दिया गया है कि भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, रामगढ़ 4(h) के तहत अंचल कार्यालय रामगढ़ से निर्गत पत्रांक-2508, दिनांक-10.12.2021 एवं संदेहात्मक वाद सं0-19/2021-22 की वर्तमान स्थिति से अवगत कराएं।

### कोल परियोजना से संबंधित हुई बैठक

# रैयतों से आवेदन प्राप्त कर कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

उपायुक्त रामगढ़ चंद न कुमार की अध्यक्षता एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी नितेश कुमार की उपस्थिति में गुरुवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत मांडू प्रखंड में कोतरे बसंतपुर पंचमों कोल परियोजना से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कोतरे बसंतपुर पंचमो कोल परियोजना पदाधिकारी के द्वारा पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से परियोजना की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई। उपायुक्त के द्वारा वर्षवार गैरमजरूआ खास जंगल झाड़ी एवं अन्य पर स्टेटमेंट VI निर्गत किये जाने की संख्या एवं रकबा पृच्छा की गई। पूर्व में ही 33.00 एकड़ भूमि का स्टेटमेंट -VI वर्ष 2026-27 से 2029-30 तक उल्लेखित तालिका हेतु निर्गत है। इस पर उपायुक्त के द्वारा निर्देश दिया गया कि सभी चार वर्षों में एक-एक वर्ष कर शतप्रतिशत स्टेटमेंट VI निर्गत करने की कार्रवाई करें। अगले, अन्तिम व छठे वर्ष का प्लान सी०सी०एल० से मंतव्य के अनुसार किया जाना आपेक्षित है। उपस्थित सी०सी०एल० एवं उनके एमडीओ को निर्देश दिया गया कि ग्रामीणों को प्राप्त स्टेटमेंट VI के अनुसार नौकरी एवं मुआवजा के लिए प्रेरित करें।

## दिल्ली के कनॉट प्लेस की तर्ज पर होगा गोला मार्केटिंग काम्प्लेक्स का निर्माण : उपायुक्त



**रामगढ़।** गोला मार्केटिंग काम्प्लेक्स के निर्माण को लेकर गुरुवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य को गोला मार्केटिंग परिसर के निर्माण हेतु तैयार कार्य योजना की जानकारी दी गई। इस दौरान बताया गया कि दिल्ली के कनॉट प्लेस की तर्ज पर गोला मार्केटिंग परिसर का निर्माण कराया जाएगा जिसमें 78 दुकानों का निर्माण कराया जाएगा एवं डेली मार्केट के लिए 84 वेंडिंग जोन बनाए जाएंगे। बैठक के दौरान उपायुक्त ने गोला मार्केटिंग परिसर के निर्माण को लेकर उपस्थित जनप्रतिनिधियों स्थानीय लोगों एवं अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए अंचल अधिकारी गोला को तत्काल स्थल निरीक्षण करने एवं जमीन की मापी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही तत्काल व्यवस्था के तहत स्थल पर वेंडिंग जोन की घेराबंदी करते हुए थोक विक्रेताओं के लिए स्थान चिन्हित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं लोगों के द्वारा वेंडिंग जोन निर्माण से संबंधित कई सुझाव व जानकारी या उपायुक्त सहित अन्य के साथ साझा की गई जिस पर उपायुक्त के द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला परिषद सदस्य, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा, प्रखंड विकास पदाधिकारी गोला, अंचल अधिकारी गोला, स्थानीय जनप्रतिनिधि व लोगों सहित अन्य उपस्थित थे।

### राज्य स्तरीय नवाचारी कार्यक्रम में जिले से 1600 शिक्षक व 16000 छात्र हुए शामिल

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी हुए सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**




झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के तहत संचालित इंडियाज फर्स्ट फाउंडेशनल लिटरेसी एंड नुमेरेसी चैंपियनशिप प्रोग्राम जो प्रतिष्ठित राज्य स्तरीय निहार शांति इंग्लिश लिटरेसी प्रोग्राम के 'वर्ड पॉवर चैंपियनशिप के तर्ज पर एक नवाचारी कार्यक्रम आयोजित कया गया। इस कार्यक्रम में रामगढ़ जिले से कुल 1600 शिक्षक एवं 16000 छात्र'' शामिल हुए। पूरे राज्य से अब तक 7.75 लाख से अधिक छात्र'' एवं 74000 शिक्षक पंजीकृत हो चुके हैं। रामगढ़ जिला शिक्षा पदाधिकारी की स्वीकृति से 22 मई को चयनित 23 छात्रों एवं 20 शिक्षकों का 'पुरस्कार वितरण सह सम्मान समारोह' जिला परियोजना कार्यालय में आयोजित हुआ। इस अवसर पर 20 शिक्षकों एवं 23 छात्रों के साथ-साथ 6 उत्कृष्ट संकुल साधन सेवियों एवं एफएलएन चैंपियनशिप में उत्कृष्ट काम करने वाले 4 प्रखंड स्तरीय टीम यथा बीइओ , बीपीओ को सम्मान समारोह में आमंत्रित किया गया। सभी शिक्षकों एवं उनके छात्रों ने राज्य एवं जिला स्तरीय चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने विद्यालय एवं गांव का नाम रोशन किया। आज के कार्यक्रम में एडीपीओ नलिनी रंजन एवं एपीओ कुमार राज रामगढ़ ने शिक्षकों एवं छात्रों का मनोबल बढ़ाया तथा उन्हें प्रोत्साहित किया कि वे इसी प्रकार मेहनत कर अगले वर्ष भी रामगढ़ जिले को अव्वल बनाए रखें। अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी नलिनी रंजन द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों एवं शिक्षकों से 'प्रतिक्रिया' प्राप्त की गई तथा एफएलएन चैंपियनशिप (पूर्व में वर्ड पॉवर चैंपियनशिप) के विजेताओं को सम्मानित किया गया। जैसा कि विदित है पूर्व में 'वर्ड पॉवर चैंपियनशिप' प्रतियोगिता में वर्ष 2022 में कैंट गर्ल्स मिडिल स्कूल, सुभाष चौक, रामगढ़ की छात्रा निविका कुमारी ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर मुंबई में आयोजित प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया था। उसी प्रकार 2023 में उसी विद्यालय के छात्र आदर्श कुमार ने राज्य स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया। यह सफलता शिक्षा विभाग के मार्गदर्शन एवं विद्यालय टीम के अथक प्रयासों से संभव हो पाई। वर्ष 2025 में रामगढ़ जिले से सात छात्र राज्य स्तरीय थ्स्छ चौंपियनशिप प्रतियोगिता में शामिल हुए,

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में 36 वां प्रांतीय कबड्डी एवं खो-खो खेलकूद समारोह का हुआ समापन




**हजारीबाग।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली, पारनाला में 36 वां प्रांतीय कबड्डी एवं खो-खो खेलकूद समारोह का समापन हुआ। बतौर मुख्य अतिथि नकुल कुमार शर्मा ने कहा विद्या भारती का लक्ष्य है ऐसे बालकों का निर्माण करना जो देशभक्त हो उन में संस्कार एवं सदाचार का भाव हो आप सभी भैया बहन -भोजन ,भ्रमण, भवन, भजन वेशभूषा एवं भाषा मैं स्वदेशी को अपनाकर देश का नाम रोशन करें। समापन समारोह में मार्गदर्शन देते हुए कृपा शंकर शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा विद्या भारती बच्चों को विशेष शिक्षा देने के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास में लगी है जिसमें खेलकूद की महत्वपूर्ण भूमिका है। जिससे भैया - बहन शारीरिक ,मानसिक बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण रूप से विकसित हो। उपाध्यक्ष डॉ अमिता कुमारी ने सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा प्रांतीय कबड्डी एवं खो खो खेलकूद समारोह में विजेता प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामना। कार्यक्रम में वृत्त नवीन कुमार सिंह , प्रांतीय खेलकूद प्रमुख ने एवं पुरस्कार वितरण संदीप कुमार सह खेलकूद प्रमुख के द्वारा संपन्न हुआ। हजारीबाग विभाग के सह विभाग प्रमुख, ब्रजेश कुमार सिंह एवं अन्य पूर्णकालिक ,राजेश , कार्यक्रम संयोजक राजकुमार चौबे विद्यालयों के प्राचार्यगण एवं समिति के अधिकारीगण एवं सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ,कुम्हारटोली ,हजारीबाग के समस्त आचार्य बंधु -भगिनी एवं प्रांत के विद्यालयों से आए हुए भैया- बहन ,संरक्षक आचार्य ,निर्णायकगण आदि उपस्थित थे।

## ग्राम पंचायत कुम्हरदगा में पंचायत सचिवालय बनाने की मांग

**गोला।** गोला बीडीओ डॉ सुधा वर्मा व बीपीओ कामाख्या प्रसाद ने मंगलवार को कुम्हरदगा पंचायत क्षेत्र का दौरा किया। दौरे के क्रम में मुखिया सुनीता देवी व ग्रामीणों ने बीडीओ को विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए कुम्हरदगा में पंचायत सचिवालय निर्माण की मांग को दोहराते हुए कहा कि पंचायत सचिवालय नहीं रहने से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बीडीओ ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने पंजियों व अभिलेखों की जांच कर इसके संधारण का निर्देश दिया। इसके बाद मनरेगा योजना सहित अबुआ आवास व पीएम आवास योजनाओं का निरीक्षण किया और लाभुकों को पीएम आवास, अबुआ आवास के लाभुकों को आवास का निर्माण शीघ्र पूरा करने को कहा। मौके पर पंचायती राज पदाधिकारी महेश्वर महतो, रोजगार सेवक व सभी अभियंता उपस्थित थे।

# भुचूंगडीह के अवैध खदान में लगी आग को बुझाने में ठेका मजदूर की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**



भुचूंगडीह के अवैध खदानों में लगी आग को बुझाने के दौरान एक ठेका मजदूर की मौत हो गई। इस घटना ने सुरक्षा व्यवस्था में चूक को उजागर किया है। यह बात गुरूवार को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय संगठन महामंत्री रवि महतो ने कही और इसे गंभीर लापरवाही बताया। भुचूंगडीह स्थित अवैध खदान में बीते दिनों भीषण आग लग गई थी। इस आग को बुझाने के काम में लगे गोला प्रखंड अंतर्गत खोखा गांव निवासी मजदूर रविन्द्र महतो की जमीन धंसने से दर्दनाक मौत हो गई। इस दुखद घटना के बाद परिजनों को न्याय दिलाने के लिए झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा, विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक संगठनों, समाज सेवियों और स्थानीय ग्रामीणों ने मिलकर प्रयास किया। लगातार प्रयासों के बाद अंततः मृतक के परिजनों के लिए राहत की घोषणा की गई। इसके तहत एस इंटरप्राइजेज द्वारा परिजनों को 5 लख 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा हुई । साथ ही मृतक की पत्नी मीरा देवी को नियोजन देने का निर्णय हुआ । इसके अलावा, मृतक के बेटे का नामांकन डीएवी स्कूल में और बेटी का नामांकन सरस्वती विद्या मंदिर में कराने का निर्णय हुआ । मृतक रविन्द्र महतो का मृत्यु प्रमाण पत्र भी प्रशासन द्वारा शीघ्र जारी किया जाएगा। इस वार्ता में जिला प्रशासन और सीसीएल प्रबंधन की ओर से प्रभारी एसडीएम प्रियंका दीप्ति कुजूर, चितरपुर अंचल अधिकारी दीपक मिंज, सीसीएल रजरप्पा के महाप्रबंधक कल्याण प्रसाद, रजरप्पा थाना प्रभारी कृष्णा कुमार उपस्थित रहे।

### निर्माण कार्य से उत्पन्न अव्यवस्थाओं का कांग्रेसी नेता ने किया स्थल का निरीक्षण, कहा

# यातायात को सुगम बनाने के लिए वैकल्पिक मार्ग सुनिश्चित की जाए

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**



भारत माता चौक से रामगढ़ की ओर राष्ट्रीय राजमार्ग पर चल रहे 6 लेन निर्माण कार्य को लेकर स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों के बीच गहरी असंतोष की स्थिति बनी हुई है। निर्माण कार्य की धीमी गति, गड्ढों से भरी सड़कें तथा सुरक्षा मानकों की अनदेखी ने जनसुरक्षा को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। इसी क्रम में गुरुवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने निर्माणस्थल का निरीक्षण किया और स्थिति का प्रत्यक्ष जायज़ा लिया। निरीक्षण के पश्चात सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण के चलते क्षेत्र के व्यवसायियों को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राहकों की आवाजाही में बाधा उत्पन्न हो रही है, जिससे व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। आमजन, विशेषकर दोपहिया चालक और पैदल यात्री, प्रतिदिन जोखिम उठाकर यात्रा करने को विवश हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए श्री सिंह ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, परियोजना कार्यान्वयन इकाई हजारीबाग के निदेशक मनोज कुमार पाण्डेय से औपचारिक भेंट की। इस दौरान उन्होंने निम्नलिखित बिंदुओं पर तत्काल संज्ञान लेने का आग्रह किया जिनमें मुख्य रूप से निर्माण क्षेत्र में समुचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, गड्ढों की मरम्मत कर सुरक्षित एवं समतल मार्ग की व्यवस्था की जाए, संपूर्ण निर्माण प्रक्रिया में सुरक्षा प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन किया जाए शामिल हैं। जबकि मुन्ना सिंह ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि संबंधित विभाग द्वारा शीघ्र और प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, तो कांग्रेस पार्टी नागरिकों के हित में जनआंदोलन छेड़ने को बाध्य होगी।

## केदला पीओ कार्यालय के समक्ष मांगों को लेकर ग्रामीणों का धरना प्रदर्शन

**केदला।** सीसीएल हजारीबाग क्षेत्र के केदला उत्खनन परियोजना कार्यालय में बुधवार को केदला विस्थापित रैयत प्रभावित ग्रामीण के बैनर तले अपनी मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। मौके पर सभा को संबोधित करते हुए जिला परिषद सदस्य सुनिता देवी ने कहा कि परियोजना क्षेत्र में रहने वाले यहां के ग्रामीण रैयत विस्थापित प्रभावित कई समस्याओं का सामना कर रहे हैं। गांव के पास केओसीपी माइंस चलाया जा रहा है। वहां होने वाले ब्लास्टिंग से घरों में दरारें आनी शुरु हो गई है। वहीं जिस तरह खदानों से धूल उड़ रहा हैं उससे लोगों को कई बीमारियों का सामना के साथ ही फसलों का भी नुकसान हो रहा है। ग्रामीणों ने 28 अप्रैल को सीसीएल के पीओ से लेकर जीएम तक अपनी मांग पत्र दिया था। लेकिन प्रबंधन ने हमारी मांगों पर कोई सकारात्मक पहल नहीं किया। जिसके कारण आज एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करना पड़ रहा है।

वहीं देर शाम को प्रबंधन के साथ द्विपक्षीय वार्ता हुई। वार्ता सकारात्मक नहीं रहा और ग्रामीण अब अगले चरण में परियोजना का समस्त कार्य ठप करने का निर्णय लिया है। वार्ता में प्रबंधन की ओर से पीओ एसके त्रिवेदी, कार्मिक पदाधिकारी इरशाद अहमद और ग्रामीणों की ओर से जिप सदस्य सुनीता देवी, पवन कुमार, घनश्याम कुमार, उषा देवी, डॉली देवी, सहित अन्य ग्रामीण शामिल थे।

# न्यूज बॉक्स

## टीएसएफ एसएचजी महिलाओं को स्वादकार्ट के माध्यम से बनाएगी सशक्त

**रामगढ़।** महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने को लेकर टाटा स्टील फाउंडेशन ने गुरुवार को वेस्ट बोकारो के पांच गांवों में स्वादकार्ट का शुभारंभ किया। इस पहल के अंतर्गत घाटोटांड, बंजी, मुकुंदबेडा, सारूबेडा और बडगांव की स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) से जुड़ी पांच महिला उद्यमियों को सुव्यवस्थित फूड कार्ट और उद्यमशीलता से संबंधित समर्थन प्रदान किया गया। वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रक्षा दीक्षित तथा वेस्ट बोकारो यूनिट लीड आदित्य कुमार सिंह उपस्थित थे। उनकी उपस्थिति ने टाटा स्टील फाउंडेशन की जमीनी स्तर पर समावेशी विकास और समुदाय-आधारित सहयोग को प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता को और अधिक दृढ़ता से रेखांकित किया। चयनित लाभार्थी महिलाएं, जो सभी स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की सदस्य हैं। साधारण पृष्ठभूमि से आती हैं और उनमें से कई पहली बार उद्यमिता के क्षेत्र में कदम रख रही हैं। इस पहल के तहत न केवल फूड कार्ट प्रदान किए गए हैं, बल्कि उनके साथ-साथ प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और समुदाय से जुड़ाव जैसी महत्वपूर्ण सहायता भी दी जा रही है, जिससे इन महिलाओं के व्यवसायों की दीर्घकालिक सफलता सुनिश्चित की जा सके।

## सोनडीहा में विशु पूजा 14 जून को, संचालन समिति गठित

**रामगढ़।** ग्राम पंचायत सोनडीहा स्थित मंडाटांड में गुरुवार को बैठक मुकेश कुमार की अध्यक्षता एवं प्रीतम कुमार के संचालन में संपन्न हुई। इस मौके पर सर्वसम्मति से मंडाटांड में 14 जून को विशु (मंडा पूजा) धूमधाम से आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से संचालन समिति का गठन किया गया। जिसमें मुकेश कुमार को अध्यक्ष, नारायण महतो व अजय कुमार महतो उपाध्यक्ष, सुदर्शन पटेल सचिव सहित सहसचिव दिपेंद्र कुमार, संजय कुमार, कोषाध्यक्ष रामेश्वर महतो, उपकोषाध्यक्ष सुरेश तुरी, संगठन मंत्री विक्की कुमार को बनाया गया। मुख्य संरक्षक के रुप में द्वारिका महतो, संरक्षक राजेश कुमार उर्फ वीरा, उमेश कुमार, कौलेश्वर महतो, मनोज कुमार साहू, ओम प्रकाश साहू, जुगल महतो, राजबहादुर पटेल, सुरेश अग्रवाल, राजकुमार गुप्ता, प्रीतम कुमार, शंकर महतो, अविनाश कुमार उर्फ शक्तिमान, जागेश्वर महतो, अजय कुमार साहू को सर्वसम्मति से चयनित किया गया। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों में देवनाथ महतो, ओमप्रकाश महतो, राजू तुरी, लालेश्वर महतो, चंद्रदेव तुरी, शंकर प्रजापति, फलजीत कुमार, सुनिल कुमार, बंटी कुमार, राजेश कुमार, अभिमन्यु कुमार, अतुल कुमार, विकास कुमार, भुवनेश्वर कुमार, आमोद कुमार, अजय कुमार प्रसाद, पंकज कुमार, राहुल कुमार, सुनिल कुमार, प्रवीण कुमार, नीतेश कुमार, धर्मदेव कुमार, दिनेश कुमार महतो, आनंद तुरी को शामिल किया गया।

## डाक विभाग पु रानी और सबसे विश्वसनीय संस्था : रामविलास

**रामगढ़।** डाक विभाग की ओर से माइंस रेस्क्यू भवन नईसराय में सामुदायिक विकास कार्यक्रम के तहत भव्य डाक चौपाल का आयोजन हुआ। इसमें बतौर मुख्य अतिथि डाक निदेशक, झारखंड सर्किल राम विलास चौधरी शामिल हुए। वहीं विशिष्ट अतिथि के रुप में डीडीएम पीएलआई अमित कुमार, डाक अधीक्षक हजारीबाग आशुतोष कुमार सिन्हा, सहायक डाक अधीक्षक रामगढ़ नवीन कुमार अग्रवाल, डाक निरीक्षक रामगढ़ पूर्वी आशीष कुमार पांडे और डाकपाल रामगढ़ प्रधान डाकघर मनोज कुमार उपस्थित थे। अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि डाक विभाग अपनी सभी सेवाओं को घर-घर जाकर पहुंचा रही है। डाक कर्मी केवल नौकरी नहीं बल्कि सेवा भाव से काम करें। डाक विभाग देश के पुराने और सबसे विश्वसनीय संस्था है। ग्रामीण डाक सेवकों ने अपने ग्रामीण डाक जीवन बीमा, डाक जीवन बीमा योजनाओं को घर घर तक पहुंचाने का प्रयास कर सभी को लाभान्वित कर रहे हैं। डाक जीवन बीमा योजना में कम प्रीमियम जमा कर अधिक बोनस प्राप्त किया जा सकता है। देश की सबसे पुरानी बीमा योजना में डाक विभाग की डाक जीवन बीमा योजना है। उन्होंने कहा कि हजारीबाग डिवीजन बेहतर कार्य के बदौलत झारखंड में अव्वल रही है।

## पतरातू प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत में शॉक पीट बनाने का मिला निर्देश

**पतरातू।** पतरातू प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत में बरसात से पहले शॉक पीट बनाने का निर्देश दिया गया। उक्त निर्देश बुधवार को पतरातू प्रखंड मुख्यालय के सभागार में आयोजित बैठक में बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता ने सभी पंचायत सचिव और अभियंताओं को दी। इसके अलावा बैठक में सभी पंचायत में चापानल और जल मीनार को युद्ध स्तर पर मरम्मत करने को कहा गया। बैठक में चयनित आंगनवाड़ी केंद्रों की चाहर दिवारी करने, शौचालय और पेयजल को दुरुस्त करने की भी बात कही गई। इसके साथ ही मृत्यु प्राप्त पेंशन के लाभुकों का सत्यापित कर रिपोर्ट देने, मईयां योजना के लंबित आवेदन का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा सभी को बताया गया कि इस बार राशन कार्ड धारकों को तीन माह का अग्रिम राशन दिया जाएगा। इसके लिए सभी जन वितरण प्रणाली की दुकानदारों को राशन का उठाव किया जाना है। इसकी देखरेख पंचायत सचिव करेंगे। मौके पर प्रधान सहायक चितरंजन कुमार, बीपीआरओ ब्रह्मानंद पाठक, प्रभारी एमओ सुमित कुमार, प्रखंड समन्वयक नीलकमल, अभियंता पंचायत सचिव आदि शामिल थे।

## ओबीसी मोर्चा की ओर से पराक्रमी सेना सम्मान सभा का किया गया आयोजन

**पतरातू।** पतरातू रेलवे स्टेशन के निकट बुधवार की शाम राष्ट्रभक्त ओबीसी मोर्चा की ओर से पराक्रमी सेना सम्मान सभा का आयोजन किया गया। रिमझिम बारिश के बीच दुश्मन देश की सीमा में आतंकियों के महत्वपूर्ण ठिकानों पर सफलतापूर्वक प्रहार कर पूरे देश और दुनिया में अपनी शौर्य एवं पराक्रम का लोहा मनवाने वाले भारतीय सेना के सम्मान में यह कार्यक्रम किया गया। राष्ट्रभक्त ओबीसी मोर्चा की ओर से आयोजित यह कार्यक्रम पतरातू रेलवे स्टेशन के समीप नेता जी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा के सामने पराक्रमी सेना सम्मान सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रभक्त ओबीसी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सुबोध कुमार ने की। कार्यक्रम के प्रारंभ में केंद्रीय अध्यक्ष सुबोध कुमार और पदाधिकारी और स्थानीय लोगों ने राष्ट्रीय गीत जन-गण-मन गाए। फिर भारत माता की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर घी के 101 दीपक जलाएं। मोर्चा के उपाध्यक्ष दिलीप वर्मा, संजय कुमार रवानी, ललन ठाकुर, अवधेश सिंह ने दुश्मन देश एवं आतंकियों को ललकारते हुए कहा कि हम अमन एवं शांति को मानने वाले लोग हैं। परंतु कोई देश या आतंकी संगठन हमारी उदारता को कमजोरी समझता है तो यह उसकी भूल है।

## भाकपा माले के राज्य सचिव में गिद्दी में पार्टी नेताओं साथ की बैठक

**गिद्दी।** भाकपा माले के राज्य सचिव मनोज भगत ने पार्टी नेताओं के साथ मंगलवार को गिद्दी में बैठक की। बैठक में वे पार्टी के नेताओं के साथ 9 जुलाई के हड़ताल और राज्य सममेलन को लेकर चर्चा की। साथ ही इसे सफल बनाने को लेकर दिशा निर्देश दिया। राज्य सचिव मनोज भगत रांची से गिरिडीह जाने के क्रम में मंगलवार को गिद्दी में पार्टी के नेताओं के साथ बैठक की। इसके पहले भाकपा माले नेताओं ने बुके देकर राज्य सचिव का स्वागत किया। इस दौरान राज्य सचिव मनोज भगत वरिष्ठ मजदूर नेता मिथिलेश सिंह के आवास पर मिलकर और उनके स्वास्थ्य की जानकारी लिया। साथ ही राज्य सम्मेलन को लेकर 10-11 जून को बैठक में शामिल होने के लिए, राज्य सम्मेलन के सफल बनाने के लिए और 9 जुलाई को हड़ताल पर चर्चा किया।

# सोलर जल मीनार लगने के बाद नहीं मिला नल से जल



लाखों की लागत से बनी सोलर जल मीनार बनी शोभा की वस्तु

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** प्रखंड अंतर्गत ऐडेगा पंचायत के पोगलोया बरटोली में स्वच्छता प्रमंडल सिमडेगा जल जीवन मिशन के तहत सोलर आधारित लघु ग्रामीण जलापूर्ति योजना,हर घर नल जल योजना के तहत बनी सोलर जल मीनार बनने के बाद एक सप्ताह भी ग्रामीणों को घर घर नल से जल नहीं मिली ना ही ग्रामीण पानी पी सके। पोगलोया बरटोली के ग्रामीणों ने बताया की पोगलोया बरटोली के ग्रामीण क्षेत्र के घरों में लगी नल एवं सोलर जल मीनार शोभा की वस्तु बन कर रह गई है। धनुर्जय सिंह ने बताया कि जलमीनार का निर्माण वर्ष 2022-23 है। हर घर नल जल योजना के तहत सभी ग्रामीणों को जल मिले इसको लेकर सरकार कटिबद्ध है लेकिन पोगलोया बरटोली में बने सोलर जल मीनार से लोगों को जल नहीं मिल रही है। गर्मी से मौसम में जल नहीं मिलने से ग्रामीण परेशान हो गए हैं। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना घर घर नल जल योजना बेकार पड़ी नजर आ रही है। सरकार ग्रामीणों की स्वास्थ्य को लेकर काफी चिंतित है और पेय जल को लेकर लाखों रुपए खर्च कर रही है। सरकार का उद्देश्य है ग्रामीणों को स्वच्छ जल मिले। ग्रामीणों को पानी की समस्या ना हो। हर घर में पानी पहुंचे और सभी ग्रामीणों को स्वच्छ जल मिले लेकिन पोगलोया बर टोली में सोलर जल मीनार शोभा की वस्तु बनी हुई है और सरकार की यह योजना फेल नजर आ रही है। ग्रामीणों ने विभाग से पेय जल एवं स्वच्छता प्रमंडल सिमडेगा जल जीवन मिशन के तहत बनी सोलर जल मीनार को बनाने की मांग की है ताकि ग्रामीणों को घर घर नल जल योजना का लाभ मिल सके।





# डीसी की अध्यक्षता में बाल संरक्षण गृह की सुरक्षा पर समीक्षा की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में अधिसूचित सुरक्षा स्थलों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में बाल संरक्षण गृह की सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त महोदय ने संरक्षण गृह की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए वर्तमान व्यवस्था का निरीक्षण किया और इसे और अधिक सुदृढ़ करने हेतु कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया।बैठक में उपस्थित संबंधित विभागों के पदाधिकारियों, कर्मचारियों एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे अपने कर्तव्यों का ईमानदारी और जिम्मेदारी से निर्वहन करें। उन्होंने विशेष रूप से बच्चों की सुरक्षा, शिक्षा और मानसिक विकास पर ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया। उपायुक्त ने कहा कि बाल संरक्षण गृह में रह रहे बच्चों को नियमित रूप से पढ़ाई और योग में सम्मिलित किया जाना चाहिए, जिससे उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास को बढ़ावा मिल सके।उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जो बच्चे पढ़ाई या योग में भाग नहीं लेते हैं, उन्हें अनुशासनात्मक दृष्टिकोण से कुछ समय के लिए रूम से बाहर रखा जाए ताकि वे भी इन गतिविधियों की महत्ता को समझ सकें और उसमें भाग लेने को प्रेरित हों। बैठक के अंत में उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से निगरानी रखें और सुधारात्मक कदम उठाते रहें, जिससे बच्चों को एक सुरक्षित, अनुशासित और सकारात्मक वातावरण मिल सके।



● बच्चों को नियमित रूप से पढ़ाई और योग में सम्मिलित करने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया गया।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की हुई बैठक

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिले में आधार नामांकन और अद्यतन कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।उपायुक्त ने कहा कि आधार कार्ड आज विभिन्न योजनाओं और सेवाओं के लिए एक अनिवार्य दस्तावेज बन चुका है, इसलिए यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि सभी पात्र नागरिकों का आधार नामांकन समय पर हो और उसमें किसी प्रकार की त्रुटि न रहे। उन्होंने स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों, बैंक, पोस्ट आफिस, और पंचायत स्तर बच्चों, बुजुर्गों और अन्य वंचित वर्गों का आधार नामांकन व अद्यतन कार्य शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जिले में आधार केंद्रों की संख्या बढ़ाई जाएगी तथा मोबाइल आधार सेवा शुरू कर सुदूरवर्ती क्षेत्रों तक पहुंच बनाई जाएगी।बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, समाज कल्याण पदाधिकारी, शिक्षा पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, बैंक प्रतिनिधि, यूआईडीएआई से जुड़े पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

## सिमडेगा में श्री सर्वेश्वरी समूह का स्थापना दिवस संपन्न

**सिमडेगा।** श्री सर्वेश्वरी समूह, शाखा सिमडेगा के परिसर में आयोजित परम पूज्य अघोरेश्वर महाविभूति कलश एवं शिवलिंग स्थापना दिवस के दो दिवसीय कार्यक्रम का समापन गुरुवार को पारिवारिक लघु गोष्ठी के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पूज्य बाबा उत्साही राम जी द्वारा महाविभूति कलश एवं शिवलिंग पर पूजन एवं आरती कर अष्टयाम कीर्तन के समापन से हुई।पूजन के पश्चात अजय कुमार सिन्हा द्वारा 'सफल योनी ग्रंथ' का पाठ किया गया। तत्पश्चात रांची शाखा से आए सौरभ, रोशन, ऋषि एवं देव कुमार ने मंगलाचरण कर गोष्ठी का विधिवत शुभारंभ किया।गोष्ठी में लखनऊ से पधारे अतिथि वक्ता अतुल दीक्षित ने श्री सर्वेश्वरी समूह को सामाजिक व आध्यात्मिक प्रेरणा का स्रोत बताया। उन्होंने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की चर्चा करते हुए शिक्षा प्रणाली में संस्कार और संस्कृति के अभाव पर चिंता व्यक्त की।जमशेदपुर से आए इंद्रजीत सिंह ने "पाप मिश्रित पुण्य" की व्याख्या करते हुए पारिवारिक गोष्ठियों की महत्ता पर प्रकाश डाला। लाल उपेंद्रनाथ सहदेव ने गुरुदेव की वाणी को आत्मसात कर समाज में सकारात्मक उदाहरण बनने की प्रेरणा दी।अंतिम वक्ता संजय अखौरी ने अघोर परंपरा की गहराई को रेखांकित करते हुए कहा कि यह साधना मानव जीवन को पवित्र व शांतिपूर्ण बनाने का मार्ग प्रशस्त करती है।अंत में पूज्य बाबा उत्साही राम जी ने उपस्थित सभी आश्रम बंधुओं को आशीर्वचन प्रदान कर कार्यक्रम का समापन किया।

## सिमडेगा में जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी आम लोगों की समस्याएं

**सिमडेगा।** जिले में उपायुक्त अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ दूरदराज के ग्रामीण इलाकों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। लोग अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर सीधे उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत हुए। जनता दरबार में कई गंभीर मामलों को उठाया गया। प्रमुख रूप से जमीन माफिया द्वारा जमीन पर अवैध क जा करने, गैर मजरूआ जमीन की बंदोबस्ती कराने और अंबेडकर आवास योजना के तहत बने मकानों को जेसीबी से तोड़ने जैसी घटनाओं की शिकायतें आईं। इन मामलों को उपायुक्त ने गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।इसके अलावा, नया राशन कार्ड बनाने, नियुक्ति से संबंधित मामलों जैसी समस्याएं भी लोगों ने रखीं। उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन आम लोगों की समस्याओं के प्रति गंभीर है और जनता दरबार जैसे माध्यमों से सीधा संवाद कायम कर समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने जनता से अपील की कि वे अपनी समस्याओं को निडर होकर रखें और प्रशासन का सहयोग करें।इसके अलावा उपायुक्त ने ग्रामीणों को बताया कि जमीन संबंधी मामलों के निष्पादन हेतु प्रत्येक बुधवार को थाना स्तर पर ही थाना दिवस का आयोजन कर जमीन विवाद से संबंधित सभी मामलों का निष्पादन किया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीण जनता से अपील की है कि जमीन संबंधी किसी प्रकार का भी मामला हो उसे अपने क्षेत्र एवं नजदीकी थाना में शिकायत दर्ज कर मामले का निपटारा करा सकते हैं।

## कोलेबिरा प्रखंड के कोम्बाकेरा में वार्ड सदस्य की लू लगने से मौत, पंचायत में शोक की लहर

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड अंतर्गत लचरागढ़ पंचायत के कोम्बाकेरा गांव से एक दुखद घटना सामने आई है, जहाँ वार्ड संख्या 04 के वार्ड सदस्य अतुल सुरिन की लू लगने से मौत हो गई। यह घटना बुधवार की दोपहर की बताई जा रही है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, कल तेज गर्मी के कारण अतुल सुरिन को अचानक लू लग गई। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाने का प्रयास किया, परंतु रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। उनकी आकस्मिक मृत्यु से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।घटना की जानकारी मिलते ही लचरागढ़ पंचायत की मुखिया जिरेन मड़की उनके आवास पहुंचीं और शोकाकुल परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और परिजनों को ढांढस बंधाया।वार्ड सदस्य अतुल सुरिन का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव कोम्बाकेरा में पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ किया गया। उनकी मृत्यु से पंचायत को एक कर्मठ और जनसेवी प्रतिनिधि की क्षति हुई है।



# सरना धर्म कोड की मांग तेज, 26 मई को राजभवन घेराव

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सरना धर्म कोड की मान्यता की मांग को लेकर गुरुवार को सिमडेगा जिला कांग्रेस कार्यालय, प्रिंस चौक में एक अहम प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष डेविड तिर्की ने की, जिसमें मुख्य रूप से सिमडेगा जिला संगठन प्रभारी सह विधायक भूषण बड़ा और कोलेबिरा विधायक सह रांची जिला संगठन प्रभारी नमन विकसल कोंगाड़ी मौजूद रहे।प्रेस को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि सरना धर्म कोड, प्रकृति पूजकों की पहचान और अस्तित्व का प्रश्न है, जिसे भारत सरकार अनदेखा नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि झारखंड समेत अन्य पड़ोसी राज्यों के करोड़ों आदिवासी लंबे समय से इस मांग को उठा रहे हैं। कांग्रेस सरकार ने चुनावी वादे के अनुसार विधानसभा में प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार को भेजा था, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है।विधायक भूषण बाड़ा ने बताया कि 2021 से लंबित जनगणना अब होने वाली है और कांग्रेस के दबाव में ही जातीय जनगणना की सहमति बनी है। उन्होंने दावा किया कि 2011 की जनगणना में लगभग 50 लाख लोगों ने "सरना" को अपना धर्म बताया था।नेताओं ने घोषणा की कि 26 मई 2025 को सरना धर्म कोड की मांग को लेकर राजभवन के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें सिमडेगा जिला कांग्रेस की सक्रिय भागीदारी रहेगी। उन्होंने केंद्र सरकार से सातवें कॉलम में "सरना धर्म कोड" जोड़ने की मांग दोहराई।




# जेएससीए प्रतिनिधि बने राम पुरी, विधायकों ने दी बधाई, क्रिकेट विकास का लिया संकल्प

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा और कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी जेएससीए के नव निर्वाचित जिला प्रतिनिधि राम पुरी को बधाई दी। मौके पर दोनों विधायक सहित कांग्रेस जिला कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने राम पुरी को शुभकामनाएं भी दी। राम पुरी ने भी सभी को मिठाई खिलाई। इस दौरान दोनों विधायकों सहित सभी लोगों ने जिले में क्रिकेट के सर्वांगीण विकास का संकल्प लिया। इसके बाद क्रिकेट के विकास को लेकर गहन चर्चा हुई और जिले में इस खेल की संभावनाओं पर भी मंथन किया गया। मौके पर दोनों विधायकों ने आश्वस्त किया कि वे न केवल सरकारी स्तर पर बल्कि निजी क्षेत्र से भी सहयोग लेकर जिले में क्रिकेट के विकास को नई दिशा देंगे। उन्होंने युवाओं से भी अपील की कि वे खेल के प्रति गंभीरता और समर्पण दिखाएं।



### क्रिकेट को मिलेगी नई उड़ान : विधायक

मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि सिमडेगा का नाम अब तक हॉकी की धरती के रूप में जाना जाता रहा है। लेकिन अब समय है कि हम क्रिकेट जैसे लोकप्रिय खेल को भी इसी धरती से नई उड़ान दें। हमारे युवाओं में क्रिकेट के प्रति गहरी रुचि है और उनकी प्रतिभा को सही मंच देकर हम राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द न केवल हॉकी बल्कि क्रिकेट के क्षेत्र में भी सिमडेगा झारखंड और देश के मानचित्र पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराने को तैयार है।

### क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए उठायेंगे कदमः कोलेबिरा विधायक

मौके पर कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने भी इस दिशा में सार्थक कदम उठाने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि हम मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर जिले में क्रिकेट के लिए विशेष पहल करने का अनुरोध करेंगे। साथ ही एक भव्य क्रिकेट मैदान, प्रशिक्षण सुविधा और खेल नीति में क्रिकेट को प्रमुखता दिलाने की मांग को प्रमुखता से रखेंगे।

### क्रिकेट की बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है : राम पुरी

नवनिर्वाचित जिला प्रतिनिधि श्रीराम पुरी ने बताया कि उनकी प्राथमिकता सिमडेगा में क्रिकेट की बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि सिमडेगा के पास केवल हॉकी नहीं, बल्कि क्रिकेट में भी अनमोल हीरे छुपे हुए हैं। जरूरत है उन्हें तराशने की और एक ऐसा मंच देने की, जहाँ वे अपने हुनर का प्रदर्शन कर सकें।उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री से हुई बातचीत के दौरान उन्होंने आग्रह किया है कि जिले में एक आधुनिक क्रिकेट मैदान का निर्माण कराया जाए। ताकि खिलाड़ियों को अभ्यास और प्रतियोगिताओं के लिए उपयुक्त स्थान मिल सके। साथ ही उन्होंने खेल नीति में क्रिकेट को विशेष रूप से शामिल करने और खेल विकास के लिए अतिरिक्त संसाधन प्रदान करने की भी मांग की है।

## पुलिस का साहू बेड़ा पंचायत में ग्रामीणों के बीच जागरूकता शिविर का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** कम्युनिटी पुलिसिंग 'मोर पुलिस मोय पुलिस' के तहत गुरुवार को बानो थाना क्षेत्र के साहूबेड़ा पंचायत भवन सभागार में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आम जनों के समस्याओं एवं शिकायतों को सुना गया।कार्यक्रम में किसी प्रकार का कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।जन जागरूकता कार्यक्रम में बानो थाना के एएसआई सतिश चंद्र महतो,साहू बेड़ा मुखिया सुसाना जड़िया, पंचायत सेवका लालदेव कुमार,रोजगार सेवक रियासत खान और झामुमो उपाध्यक्ष तुरतन गुड़िया ने स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनीं।कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने कार्यक्रम का उदघाटन कर किया।आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित एएसआई सतिश चंद्र महतो ने कहा कि यह कार्यक्रम ऐसे लोगों के लिए आयोजित है जो किसी कारण से पुलिस तक नहीं पहुँच पाते है तथा लोगों मे जागरूकता के लिए भी यह कार्यक्रम आवश्यक है।उन्होंने कहा की 112,1930,डायल कर शिकायत कर सकते है।ठगी मामलों,मानव तस्करी,डायन प्रथा शक्ति एप्प जैसे मामलों की जानकारी दिया गया तथा निदान के लिए पहल करने की बात किया गया।उन्होने कहा कि इसके लिए जागरूकता जरुरी है।उन्होंने ग्रामीणों को जागरुक करते हुए कहा कि सांप काटने या डंसने पर ओझा गुनी का सहारा ना लें तुरंत इलाज हेतु अस्पताल लेकर जाएं।साइबर फ्रॉड से अनावश्यक फोन कॉल का जवाब ना दें।किसी से भी ओटीपी वगैरह शेयर ना करें,अवैध महुआ शराब का निर्माण बिल्कुल भी ना करें। मानव तस्करी से बचें सजग रहें, सुरक्षित रहें।सड़क सुरक्षा नियमों का भी अनुपालन करें।

# न्यूज बॉक्स

## गिरदा ओपी पुलिस को बड़ी सफलता, चोरी गई दो बाइक बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार

**बानो।** गिरदा ओपी के पुलिस को मिली सफलता। हुरदा बाजार टांड़ से चोरी हुए दोनों स्प्लेंडर प्लस बाइक को बरामद करते हुए बाइक चोरी के अभियुक्त को गिरफ्तार कर सिमडेगा जेल भेज दिया।ज्ञात हो की हुरदा बाजार टांड़ से बाइक की चोरी हो जा रही थी।उक्त बाइक चोर का पता लगाने और पकड़ने के लिए गिर्दा ओपी की पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी।गिर्दा ओपी प्रभारी जितेंद्र कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि हुर्दा बाजार टांड़ से 03 मई दिन शनिवार को रायकेरा निवासी भौसा मुंडा और 17 मई दिन शनिवार हुरदा बाजार से ही टोनिया निवासी रिकेश प्रधान की स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल की चोरी हो गई थी।दोनों सब्जी खरीददारी के लिए बाजार अपने मोटरसाइकिल से आए थे।लगातार बाजार से दो बाइक की चोरी की घटना से लोगों में भय व्याप्त था।पुलिस भी बाइक चोर का पता लगाने में जुट गई थी।इसी क्रम में बानो गिर्दा ओपी कांड 27/25 और 32/25 में चोरी हुई दोनों मोटरसाइकिल को बरामद करते हुए अभियुक्त गणेश साह,पिता बीरबहादुर साह पता बिसरा थाना बिसरा जिला सुंदरगढ़ को गुरुवार को जेल भेजा दिया गया।



## एसएमसी सदस्यों के लिए उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित, स्कूल विकास पर जोर



**जलडेगा।** प्रखंड सभागार में सिन्नी टाटा ट्रस्ट द्वारा विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) के सदस्यों को उनके कार्य दायित्वों के बारे में जानकारी देने के लिए एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की शुरुआत जिला समन्वयक मो इम्तियाज अंसारी ने किया और एसएमसी के सदस्यों को विद्यालय के विकास और प्रबंधन में उनकी भूमिका के बारे में विस्तार से बताया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में आयोजित उपस्थित जलडेगा प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनमोहन कुमार ने विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों को उनके कार्य दायित्व की जानकारी दी और विद्यालय के क्रियाकलापों की निगरानी करने, विद्यालय के विकास के लिए योजना बनाने, वित्तीय प्रबंधन में सहयोग करने, विद्यालय की गतिविधियों में सहभागिता निभाने के लिए प्रेरित किया। वहीं मौके पर मौजूद लीड्स संस्था के परियोजना समन्वयक आलोक कुमार ने एसएमसी सदस्यों को आदर्श विद्यालय और उनके कार्य दायित्वों के बारे में जानकारी दिया और कहा कि इस तरह बैठक के माध्यम से एसएमसी के सदस्यों को उनके कार्य दायित्वों की जानकारी देने से विद्यालय के विकास और प्रबंधन में सुधार होगा और शिक्षा की गुणवत्ता बेहतर होगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में सिन्नी टाटा ट्रस्ट के मांगा मुंडा और शेखर नाथ का विशेष योगदान रहा।

## वनदुर्गा मालसाड़ा में पर्यटन क्लब का गठन स्थानीय विकास की दिशा में नई पहल



**बोलबा।** बोलबा प्रखंड अन्तर्गत प्रसिद्ध दर्शनीय सह पर्यटन स्थल वनदुर्गा मालसाड़ा में पर्यटन क्लब का किया गया गठन। इस मौक़े पर वनदुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष जहुरन सिंह एवं पर्यवेक्षक बीपीआरओ दीपक कुमार साहू तथा मालसाडा पंचायत के मुखिया बिनोद बड़ाइक की उपस्थिति में क्लब का गठन किया गया। इस मौक़े पर बैठक में सबसे पहले पर पर्यवेक्षक द्वारा चुनाव प्रक्रिया को बताया गया एवं आगे कार्य करने संबधित जानकारी दिया गया । इस मौक़े पर क्लब का अध्यक्ष मनोज सिंह उपाध्यक्ष कालो खलखो सचिव शशि प्रसाद, कोषाध्यक्ष कैलाश सिंह कार्यकारी. सदस्य सतो देवी, इंद्रजीत बड़ाइक रामबिलास सिंह, रामेश्वर सिंह, गंगा सिंह, बिरासमनी देवी सविता देवी को सर्वसम्मति से चयन किया गया। इस मौक़े पर दीपक कुमार साहू, प्रणव कुमार, केशरी सिंह, ललन सिंह एवं. अन्य लोग मौजूद थे।

## ग्लाय टोली में नया ट्रांसफार्मर लगने से ग्रामीणों में खुशी की लहर

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड के डोमटोली पंचायत अंतर्गत ग्लाय टोली खास में 25 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। इसका उद्घाटन पंचायत की मुखिया अनिता जड़िया, भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक इंदवार, समाजसेवी सुगर जड़िया एवं ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।गौरतलब है कि विगत छह माह से ट्रांसफार्मर जलने के कारण गांव में बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप थी। इससे ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। बच्चों की पढ़ाई बाधित थी और किसानों को सिंचाई में भी दिक्कतें आ रही थीं। ग्रामीणों की सूचना पर भाजपा नेता अशोक इंदवार और मुखिया अनिता जड़िया ने पहल करते हुए विद्युत विभाग से संपर्क कर नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया।नया ट्रांसफार्मर लगने से गांव में बिजली की आपूर्ति फिर से बहाल हो गई है। इससे बच्चों, महिलाओं और किसानों सहित पूरे गांव में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों का आभार प्रकट करते हुए भविष्य में भी इसी तरह सहयोग की उम्मीद जताई।इस मौके पर भुवनेश्वर सिंह, हेमंत कुमार सिंह, गणेश केरकेट्टा, सुमित्रा देवी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## संविधान बचाओ रैली की तैयारी तेज, 28 मई को सरना स्थल में होगा ऐतिहासिक आयोजन



**सिमडेगा।** जिला कांग्रेस कमिटी की बैठक गुरुवार को जिला परिषद बहुउद्देश्यीय भवन में अध्यक्ष डेविड तिर्की की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सिमडेगा जिला संगठन प्रभारी सह विधायक भूषण बड़ा और कोलेबिरा विधायक नमन विकसल कोंगाड़ी की उपस्थिति में सभी प्रखंड अध्यक्षों के साथ 28 मई को "संविधान बचाओ रैली सह सभा" आयोजित करने का निर्णय लिया गया।नेताओं ने कहा कि यह केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि लोकतंत्र की बुनियाद बचाने का संकल्प है। यह रैली सरना स्थल फरसाबेड़ा में आयोजित की जाएगी, जिसमें केंद्र सरकार द्वारा संविधान और नागरिक अधिकारों पर हो रहे हमलों के खिलाफ आवाज बुलंद की जाएगी। विधायकों ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा वर्णित अनुच्छेद 32 को संविधान की आत्मा कहा गया था, लेकिन वर्तमान में इसे कमजोर करने की साजिश हो रही है। कांग्रेस पार्टी स्पष्ट रूप से यह संदेश देती है कि वह संविधान की रक्षा के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करती रहेगी।सभा में यह भी कहा गया कि जातीय जनगणना कांग्रेस की पुरानी मांग रही है, जिसे लेकर पार्टी ने केंद्र सरकार पर लगातार दबाव बनाया। राहुल गांधी और कांग्रेस नेतृत्व के प्रयासों से सरकार जातीय जनगणना के लिए बाध्य हुई है। आगामी रैली में कार्यकर्ताओं को इसकी सच्चाई से अवगत कराया जाएगा।इसके अतिरिक्त, भू-संपदा समिति की बैठक में भूमि क्रय से संबंधित जमा राशि पर भी चर्चा की गई, जिसमें समिति के सभी सदस्यों सहित दसों प्रखंड अध्यक्षों ने भाग लिया।

